## एक नजर में

### कांग्रेस संगठन मंत्री राजेश रघुवंशी ने पद से इस्तीफा दिया

**मंदसौर।** कांग्रेस पार्टी के जिला संगठन मंत्री राजेश रघुवंशी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने मप्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी को भेजे पत्र में संगठन मंत्री पद से कार्यमुक्त करने का अनुरोध किया है। रघुवंशी ने पत्र में लिखा कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा उन्हें मंडलम-सेक्टर संचालन, बीएलए और चुनाव संबंधी कार्यों के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। पद पर रहते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं, मंडलम-सेक्टर अध्यक्षों और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़े रखने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से संगठन मंत्री पद के लिए कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश या कार्ययोजना नहीं होने के कारण इस पद पर बने रहने का औचित्य नहीं है। उन्होंने पार्टी के प्रति आभार जताते हुए ससम्मान इस्तीफा सौंपा है।

### नेत्रदान से बढ़कर कोई दान नहीं : सीएमएचओ डॉ. चौहान




**मंदसौर।** 40 वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के अंतर्गत जिला चिकित्सालय मंदसौर द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों से नेत्रदान जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को नेत्रदान के महत्व और आवश्यकता से अवगत कराना था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह चौहान ने बताया कि भारत में लगभग 11 लाख लोगों को नेत्रदान की आवश्यकता है, जबकि प्रतिवर्ष मात्र 25 से 30 हजार नेत्रदान ही हो पाते हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जीते जी रक्तदान, मरणोपरांत नेत्रदान का संकल्प हर परिवार की परंपरा बनना चाहिए, क्योंकि नेत्रदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। जिला चिकित्सालय की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति वास्केल ने जानकारी दी कि नेत्रदान करने के इच्छुक व्यक्ति जिला चिकित्सालय के नेत्र विभाग, मेडिकल कॉलेज या मान्यता प्राप्त स्वयंसेवी संस्थानों में जाकर नेत्रदान की प्रतिज्ञा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मृत्यु के 4 से 6 घंटे के भीतर नजदीकी नेत्र बैंक को सूचित कर यह प्रक्रिया मात्र 15 से 20 मिनट में पूरी की जा सकती है। परिवार के सदस्यों को इस निर्णय से अवगत कराना अत्यंत आवश्यक है। रैली में आशा कार्यकर्ता श्रीमती निधि पारीख ने स्वयं नेत्रदान की प्रतिज्ञा ली और अधिक से अधिक लोगों को इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प व्यक्त किया।

### बेटियों ने निकाला घर से, बुजुर्ग महिला शीतला माता मंदिर के बाहर मिली रोते हुए

**पिपलियामण्डी।** नगर की अयोध्या बस्ती स्थित शीतला माता मंदिर के बाहर रविवार सुबह एक बुजुर्ग महिला रोती हुई बैठी मिली। बुजुर्ग ने अपना नाम कमला बाई पति रामलाल धनगर, उम्र 80 वर्ष, निवासी भाटखेड़ी रोड, मनासा बताया। महिला ने बताया कि उनकी दो बेटियाँ हैं। दुर्गा पति बाबूलाल धनगर (उम्र 60 वर्ष), निवासी वार्ड 8, तलाई मोहल्ला, अयोध्या बस्ती पिपलियामंडी और ललिता पति राजू उर्फ दिलीप धनगर, निवासी पुराना दशहरा मैदान, मल्हारगढ़। कमला बाई का आरोप है कि उनकी बेटियों ने मनासा स्थित मकान बेच दिया और रकम अपने पास रख ली। इसके बाद उन्होंने माँ को घर से निकाल दिया। वे पिछले कुछ दिनों से कभी एक बेटी तो कभी दूसरी बेटी के यहाँ रह रही थीं। रविवार सुबह जब वे मंदिर के बाहर रो रही थीं, तो स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी धर्मेश यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँचे।

## खेल से जीवन में अनुशासन, धैर्य, सहयोग और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है : कुलपति वीएसएस कुमार

▶ मंदसौर विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन हुआ




**मंदसौर/नाहरगढ। राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर मंदसौर इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन (एम.आई.पी.ई.) मंदसौर विश्वविद्यालय एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मंदसौर के संयुक्त तत्वावधान में एक आयोजन किया गया।** यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) एवं युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत संपन्न हुआ।कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र वर्ग के लिए नेट वॉरियर्स वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2025 तथा छात्रा वर्ग के लिए रस्साकशी प्रतियोगिता का सफल और अनुशासित आयोजन किया गया।अपने संबोधन में कुलपति डॉ. वी.एस.एस. कुमार ने कहा खेल केवल शारीरिक परिश्रम का साधन नहीं, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, धैर्य, सहयोग और नेतृत्व क्षमता का विकास करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। प्रो. डॉ. अरुणव दास, डीन ऑफ एकेडमिक्स ने कहाखेल शिक्षा का एक अनिवार्य हिस्सा हैं। शिक्षा जहाँ बौद्धिक विकास को सुनिश्चित करती है, ।एम.आई.पी.ई. के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रोहित शर्मा के निर्देशन में आयोजित नेट वॉरियर्स वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2025 में मंदसौर जिले के कुल 14 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। विजेता - सुभाष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बुढ़ाप्रथम उपविजेता - श्री साई पब्लिक स्कूल, दलौदाद्वितीय उपविजेता - श्रीमती कमला सकलेचा ज्ञान मंदिर, भानपुरा।वहीं, छात्राओं की रस्साकशी प्रतियोगिता में कुल 11 टीमों ने हिस्सा लिया। विजेता - फॉरेंसिक साइंस विभागउपविजेता - फार्मेसी विभाग की टीम रही। समापन अवसर पर डॉ. दिनेश बाबू त्यागी, निदेशक, कृषि विज्ञान संकाय एवं डॉ. शेखर जैन, आईक्यूएसी उपनिदेशक विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की गई।

> कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह ने कुलपति प्रो. डॉ. वी.एस.एस. कुमार का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। इसके बाद सहायक प्राध्यापक डॉ. रोहित शर्मा ने विशेष अतिथि श्री विजेंद्र देवड़ा, जिला खेल अधिकारी, मंदसौर का स्वागत किया। वहीं, डॉ. नजमुद्दीन खान ने प्रो. (डॉ.) अरुणव दास, डीन ऑफ एकेडमिक्स का स्वागत किया।

## तेजा दशमी पर लदुना में निकला भव्य चल समारोह, अंजुमन कमेटी ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

**सीतामऊ।** मंगलवार को तेजा दशमी के अवसर पर अंचल के ग्राम लदुना में प्रतिवर्षानुसार भव्य चल समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाला गया। चल समारोह तेजाजी महाराज मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुआ।

बैंड-बाजों और ढोल-ताशों की धुन पर श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए नाचते-झूमते चल रहे थे। समारोह में सांसद सुधीर गुप्ता, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र बामनिया, सरपंच प्रतिनिधि भरतराम पांडे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, नागरिक, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे।

चल समारोह का किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नाहर सिंह सिसोदिया व उनकी टीम ने स्वागत किया। अंजुमन कमेटी लदुना के नेतृत्व में हनुमान चौक पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया और भक्तों को केले वितरित किए गए। मुस्लिम समुदाय द्वारा किए गए इस स्वागत ने साम्प्रदायिक सद्भाव की मिसाल पेश की, जिसकी नगरवासियों ने सराहना की।



## सिविल अस्पताल गरोठ में रोगी कल्याण समिति की बैठक, स्वास्थ्य सेवाओं पर अहम फैसले

नवभारत न्यूज

**गरोठ। सिविल अस्पताल गरोठ में सोमवार, 1 सितंबर 2025 को रोगी कल्याण समिति (आर.के.एस.) की साधारण सभा बैठक विधायक चन्दरसिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अस्पताल भवन निर्माण की कमियों को लेकर ठेकेदारों को गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।** दुकानों की समीक्षा के लिए नायब तहसीलदार की अगुवाई में जांच दल गठित किया गया और बकायादारों को 50% राशि 7 दिन में जमा करने के निर्देश दिए गए।

मरीजों की सुविधा के लिए ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर किराये के नियमों में संशोधन किया गया। एंबुलेंस व्यवस्था, नाइट इमरजेंसी और मेटरनिटी स्टाफ की उपस्थिति पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनीष दानगढ़, सचिव डॉ. किशोर परिहार, एसडीएम गरोठ और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। लिए गए निर्णय अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने में सहायक होंगे।



## सोयाबीन फसल नुकसान आंकलन ईमानदारी से समय पर करने की मांग, दिया ज्ञापन

**मंदसौर।** सूरी ग्राम के किसानों ने सोयाबीन फसल नुकसान आंकलन समय पर करने की मांग को लेकर तहसीलदार श्रीमती सोनिका सिंह को कलेक्टर के नाम दिया ज्ञापन दिया। ज्ञापन देते समय सूरी के ग्रामीणों द्वारा बताया कि फसल नुकसानी ईमानदारी से सही आकलन नहीं करने के कारण विगत तीन वर्षो से किसानों को उचित मुआवजा व फसल बीमा नहीं मिल पा रहा है इस वर्ष समय पर फसल नुकसान आंकलन किया जावे। सभी राजस्व अनुभाग ग्राम सूरी में सोयाबीन फसल को लेकर समस्त ग्रामवासीयों की और से कलेक्टर के नाम की और ज्ञापन पत्र प्रेषित कर मांग की है कि वर्तमान वर्ष 2025 में सोयाबीन मे अफलन, पिला मोजेक व अतिवृष्टी से हुए फसल नुकसान आंकलन समय पुर्व कर सोयाबीन व अन्य फसलों मे हई क्षतिपूर्ति हेतु बीमा कम्पनी एवं अन्य मद से किसानों को राहत दिलाई जाये। ग्रिाम सूरी क्षेत्र में सोयाबीन मे अफलन, पिला मोजेक व अतिवृष्टी से हुए नुकसान आंकलन करने हेतु जिम्मेदार हर बार की तरह इस बार लापरवाही करेगें तो गामीण एक मत होकर विरोध प्रदर्शन एवं चक्का जाम करेगें।

**एक नजर** ▶ जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन सुशासन भवन सभाकक्ष में किया गया

## कलेक्टर, एडीएम एवं सीईओ ने जनसुनवाई के दौरान 64 मामलों की सुनी समस्याएं



**मंदसौर। जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन आज सुशासन भवन सभाकक्ष में किया गया। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल एवं सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन द्वारा कुल 64 आवेदकों की समस्याएँ सुनी गईं। अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए।**

जनसुनवाई में आए कुछ प्रमुख प्रकरण जिसमें सूंठी निवासी आवेदक प्रेमबाई ने पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने की शिकायत की। जिस पर एसडीओपी सीतामऊ को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बोरखेड़ी चारण निवासी दशरथ ने सार्वजनिक सड़क से अतिक्रमण हटवाने का आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर सीईओ जनपद गरोठ को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मंदसौर निवासी सुरेश ने कृषि भूमि पर पानी भरने से फसल नष्ट होने की शिकायत की।

रावलीगढ़ी (चंदवासा) निवासी देवेंद्रसिंह ने जल जीवन मिशन कार्यों में अनियमितताओं का मुद्दा उठाया। जिस पर जल निगम और पीएचई को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अरनिया मीणा निवासी प्रेमबाई ने कृषि भूमि नामांतरण का आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार मल्हारगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में अनुकंपा नियुक्ति दिलवाने, बंधक खत्म करने, न्यायालय के आदेश की अवहेलना व प्रताड़ना की शिकायतें, विकलांगता पेंशन प्रारंभ कराने, वृद्धा पेंशन न मिलने, बीमा राशि भुगतान, केसीसी खाता चालू करने एवं अवैध कॉलोनी विकास रोकने जैसे विभिन्न प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए।

# नीमच


## एक नजर में

### चीताखेड़ा जंगल में सीड बॉल हरित अभियान, 6000 बीज डाले गए



**नीमच।** पर्यावरण संरक्षण और हरित क्रांति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को चीताखेड़ा जंगल वनांचल क्षेत्र में सीड बॉल हरित अभियान चलाया गया। इस दौरान बरकट्ठा, घसुंडी और जामनगर क्षेत्र में नीम, जामुन, इमली, गुलमोहर और खेजड़ी के करीब 6000 सीड बॉल डाले गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक दिलीप सिंह परिहार, वरिष्ठ नेता मेहर सिंह जाट, जनपद अध्यक्ष शारदा धनगर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हेमंत हरित, मंडल अध्यक्ष मदन गुर्जर, लकड़ी मंडी अध्यक्ष गजेंद्र शर्मा (कोकू), रतन मालवत सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर चीताखेड़ा वन विभाग के डिप्टी रेंजर आशीष प्लास एवं समस्त स्टाफ ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सीड बॉल अभियान भविष्य की पीढ़ियों के लिए हरित धरोहर छोड़ने का एक सार्थक प्रयास है। पेड़-पौधे न सिर्फ पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हैं बल्कि वर्षा, स्वच्छ वायु और स्वस्थ जीवन के लिए भी आवश्यक हैं।

### नीमच के लायन डेन मै आसाम के जूट के बैग व गुजरात के कुशन कवर बने आकर्षण का केंद्र



**नीमच।** आसाम के काली प्रधान ने नीमच के लायन डेंन मैं चल रही हस्त शिल्प प्रदर्शनी मे बताया की भारत में टॉप जूट बैग निर्माता आसाम जूट उत्पादन में भारत में अग्रणी है। जूट के पारंपरिक उपयोग से हटकर अब कपड़े, कालीन, बैग और अन्य सजावटी सामान बनाए जा रहे हैं। जूट के हैंडबैग और अन्य उत्पाद पर्यावरण-अनुकूल होते हैं क्योंकि जूट एक बायोडिग्रेडेबल फसल सरकार द्वारा सिंगल-यूज़ प्लास्टिक को बैन करने से जूट उत्पादों की मांग बढ़ने लगी है। हमारा परिवार 60 वर्षो से जुठ के प्रॉडक्ट्स बनाने मैं जुड़ा हुवा है आज मेरे पास स्टाल मै 60 से अधिक बैग की वैरायटियां है जो की नीमच शहर की जनता प्रमुख्ता से पसन्द कर रही है वहीं गुजरात के विजय भाई ने बताया कि हमारी कई पीढ़ियां इस व्यापार से जुड़ी हुई है बैग कुशन कवर, वॉल हैंगिंग, पूजा पोटली डायनिंग टेबल रनर,वॉल पीस,15 तरह के लेडीज पर्स की वैरायटियां उपलब्ध है विगत 25 वर्षो हम नीमच शहर की जनता को गुजराती प्रोडक्ट्स से रुबरु करवा रहे है। प्रदर्शनी 7 सितंबर तक सुबह 11 से रात्रि 11 बजे तक आम जनता के लिए उपलब्ध रहेगी।

## अतिवृष्टि एवं यलो मोजेक से फसलों को हुई क्षति का दो दिन में आकलन कर रिर्पोट प्रस्तुत करें : कलेक्टर



**नीमच। जिले के सभी एसडीएम एवं राजस्व अधिकारी अपने क्षेत्र के सभी गांवों में अतिवृष्ठी एवं यलो मोजेक रोग से फसलों को हुए नुकसान का नजरी आंकलन पूर्ण करवाकर दो दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करें।** यह निर्देश कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई में ग्राम रावतखेड़ा के किसान लालसिह व अन्य गांवों के किसानों द्वारा फसल नुकसान पर आर्थिक सहायता दिलाने के आवेदन पर कार्यवाही करते हुए एसडीएम एवं तहसीलदारों को दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, श्री बी.एस.कलेश, व सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने रामपुरा की एक महिला द्वारा स्वामित्व योजना के तहत आवासीय भूखण्ड में उसका नाम छूट जाने पर अपना नाम जुड़वाने का अनुरोध किया। इस पर कलेक्टर ने महिला का आवेदन लेकर स्वयं अपनी कोर्ट में प्रकरण दर्ज कर, प्रकरण का नियमानुसार निराकरण करने का विश्वास दिलाया। उन्होने भरभडिया की खुशी मेघवाल के घर का विद्युत बिल अधिक आने और घर में कोई कमाउ सदस्य नहीं होने पर बिजली बिल जमा करने में असमर्थता जताने पर कलेक्टर ने खुशी मेघवाल को स्वरोजगार प्रशिक्षण दिलाकर स्वरोजगार से जोड़ने के निर्देश जिला रोजगार अधिकारी को दिए। साथ ही रेडक्रास से मदद के निर्देश भी दिए। बीमा योजना का लाभ दिलाने के निर्देश भी उपसंचालक कृषि को दिए।

> इसी तरह मनासा के भागवंती, ग्वालटोली की श्यामाबाई, नीमच सिटी के फिरोज खान, अखेपुर की कुलसुम बी, खजूरिया के रामचंद्र, सेमली चंद्रावत के राजेन्द्र सिहं, खेतपालिया की कौशल्या, महागढ़ के ताराचंद, ग्वालटोली नीमच के राजेश कुमार, दुधलाई के शिवलाल, अठाना के मदनसिह, नीमच के कोमल, धनराज, मोहम्मद फारूख, अरनिया मानगिर के जगन्नाथ ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए। जिस पर कलेक्टर ने कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित जिला अधिकारियों को दिए।

## शिक्षक दिवस पर पालक संघ द्वारा वरिष्ठ गुरुजनों का किया जाएगा सम्मान

**नीमच।** पालक महासंघ मध्य प्रदेश जिला इकाई नीमच के तत्वाधान में जिला मुख्यालय स्थित शासकीय विद्यालयों में कार्यरत 60 वर्ष से अधिक आयु पूर्ण करने वाले वरिष्ठ गुरुजनों का सम्मान किया जावेगा। उक्त संबंध में पालक संघ जिला इकाई नीमच के जिला सचिव श्रवण शर्मा राज द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि 5 सितंबर 2025 शिक्षक दिवस के अवसर पर श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा अध्यक्ष नगर पालिका नीमच वीरेंद्र सिंह ठाकुर , जिला समन्वय मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला नीमच योग गुरु श्री गुणवंत गोयल के आतिथ्य में आयोजित होगा। कार्यक्रम पालक संघ जिला इकाई नीमच एवं महिला विंग जिला इकाई नीमच के समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में गांधी वाटिका नीमच में दोपहर 12बजे रखा गया है। पालक संघ के जिला अध्यक्ष जगदीश शर्मा एवं (महिला विंग )जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका कविश्वर ने बताया कि आयोजित सम्मान समारोह के इस आयोजन में पालक संघ जिला इकाई नीमच एवं महिला विंग के समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है।



## दशहरा मैदान बना श्री जगन्नाथ गणेश धाम, बप्पा का रोजाना नए रूप में हो रहा श्रृंगार

▶ आज सजेगा सावरिया सेठ का दरबार, लगेगा 56 भोग

**नीमच। गणेशोत्सव के चलते पूरा नगर गजानन की आराधना में डूब गया है। देर रात तक पंडालों में प्रथम पूज्य देव गणेश को नित नए श्रंगार में सजाया जा रहा है। वही जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने भी गणेश उत्सव के मद्देनजर कमर कस रखी है।** नीमच शहर के हृदय स्थल दशहरा मैदान में श्री जगन्नाथ गणेश प्रतिमा लोगों के बीच चर्चा बनी हुई है। यह भगवान गणेश की प्रतिमा नीमच के दशहरा मैदान में गणपति ग्रुप, नीमच द्वारा बैठायी गई है। उक्त गणेश प्ररिमा के साथ में उनके साथ भगवान गणेश के भाई कार्तिकेय और बहन अशोक सुंदरी की प्रतिमा को भी स्थापित किया गया है।

> इसी क्रम में आज बुधवार 3 सितम्बर को मालवा- मेवाड़ के सेठ सांवरिया सेठ का दरबार सजाया जायेगा। जिसमें 56 भोग के साथ 1 क्विंटल माखन मिश्री के प्रसाद का मालवा के राजा को महाभोग लगाकर महाआरती का आयोजन होगा। गणेशजी की आराधना बहुत मंगलकारी मानी जाती है।

**एक नजर** ▶ कांग्रेसी नेत्री मधु बंसल ने कहा - भाजपा की हताशा और राजनीतिक नोटंकी को दर्शाता है

## वोट चोरी की पोल खुली, बौखलाई भाजपा, जनता पूछ रही सवाल- सड़कें नहीं तो धोया क्या

नवभारत न्यूज



**नीमच। कांग्रेस नेत्री मधु बंसल ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नीमच दौरे के पश्चात भाजपा महिला मोर्चा द्वारा सड़क धोई गई। यह कृत्य भाजपा की हताशा और राजनीतिक नौटंकी को दर्शाता है। नीमच नगर पालिका वर्षो से भाजपा के कब्जे में है, फिर भी आज तक कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ।** सड़कों की जगह-जगह गड्ढे हैं और सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब सड़कें ही नहीं हैं तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने आखिर धोया क्या उन्होंने कहा कि मंदसौर जिले के जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनोहर धाकड़ ने फोर लेन पर शर्मनाक हरकत करते हुए रोमांस किया, लेकिन उस समय भाजपा महिला मोर्चा मौन रही। यदि भाजपा को सचमुच महिलाओं की गरिमा की चिंता होती तो मंदसौर की सड़क धोने जाती।

कांग्रेस नेत्री मधु बंसल ने कहा कि भाजपा नेताओं का महिलाओं के प्रति दोहरा चेहरा किसी से छिपा नहीं है। मध्यप्रदेश में मंत्री रहे गोपाल भार्गव द्वारा महिलाओं पर की गई अशोभनीय टिप्पणियां, पूर्व विधायक जेल सिंह भाटी पर दर्ज दुष्कर्म का मामला ऐसे कई उदाहरण है साथ ही जब उनके नेताओं ने सार्वजनिक स्थलों पर अशोभनीय हरकतें कीं, जब वरिष्ठ नेताओं ने महिलाओं पर अमर्यादित टिप्पणियाँ कीं।

> इसके विपरीत कांग्रेस पार्टी किसानों के पैरों की मिट्टी की सफाई करती है, मजदूरों के पसीने की सफाई करती है, महिलाओं और बच्चों के आँसुओं को पोंछती है और समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार और नफ़रत को साफ करने का संकल्प लेती है। कांग्रेस विश्वास करती है उस प्रयास में जो जनता की समस्याओं को कम करती है और समाज को जोड़ती है। भाजपा को यह याद रखना चाहिए कि जनता अब सब समझ चुकी है। आने वाले चुनावों में जनता भाजपा को विधानसभा और संसद से सफाई करके बाहर का रास्ता दिखाएगी।

## नीमच मंडी सचिव ने किया अन्नपूर्णा भोजनालय का निरीक्षण

▶ अव्यवस्थाओं पर लगाई फटकार, ठेकेदार को दिए सुधार के निर्देश

**नीमच। नीमच कृषि उपज मंडी के सचिव बसेड़िया ने मंगलवार को अन्नपूर्णा भोजनालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भोजनालय में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर उन्होंने प्रभारी जम्मू जैन को फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए।** मंडी सचिव ने स्पष्ट कहा कि भोजनालय में आने वाले किसानों और मजदूरों को स्वच्छ व स्वस्थ भोजन मिलना चाहिए। गंदगी और टूट-फूट जैसी लापरवाहियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।



निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि कुछ स्थानों पर पुताई और मरम्मत की आवश्यकता है। इस पर सचिव ने ठेकेदार को फोन लगाकर तुरंत सफाई, पुताई और आवश्यक मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडी प्रशासन का उद्देश्य किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है, इसलिए स्वच्छता और व्यवस्था से कोई समझौता नहीं होगा।